
0428CH09

# पाठ–9
# बदलते परिवार

यहाँ निम्मी, सेरिंग और नाज़ली के परिवारों के कुछ चित्र दिए गए हैं। चित्रों को देखो और चर्चा करो।


## नन्हा मेहमान


निम्मी का परिवार बहुत खुश है। उसके यहाँ नन्ही–सी छोटी बहन आई है।





© NCERT not to be republished





## चित्रों को देखकर लिखो

- निम्मी के परिवार में छोटी बहन के जन्म से पहले कौन-कौन थे?

- अब इस परिवार में कुल मिलाकर कितने लोग हैं?

## बताओ


- छोटी बहन के आने से निम्मी के सभी घरवालों के जीवन में क्या-क्या बदलाव आएँगे? जैसे-
  - अब निम्मी अपना दिन कैसे बिताएगी?
  - माँ अब क्या-क्या नए काम करेगी?
  - पिताजी, दादी और चाचा के दिनभर के कामों में निम्मी की नई बहन के आने से बदलाव हो जाएँगे। क्या तुम बता सकते हो कैसे?

**अध्यापक के लिए**—कक्षा में प्रत्येक बच्चे को अपने अनुभव बताने का अवसर दें।





© NCERT not to be republished



- क्या तुम्हारे घर में या आस-पड़ोस के किसी घर में बच्चे का जन्म हुआ है?
  - घर में नन्हा बच्चा आने से कैसा लगता है?
  - इससे घर में क्या-क्या बदलाव आते हैं?
- तुम्हारे या किसी रिश्तेदार के घर में, जो सबसे छोटा बच्चा है उसके बारे में कुछ बातें पता करो और लिखो।
  - उसका जन्म कब हुआ?
  - वह लड़की है या लड़का?
  - तुम्हारा उससे क्या रिश्ता है?
  - उसका जन्म कहाँ हुआ?
  - वह शक्ल में किससे मिलता/मिलती है?
  - उसके बालों का रंग कैसा है?
  - उसकी आँखों का रंग कैसा है?
  - क्या उसके दाँत हैं? उसे खाने में क्या देते हैं?
  - अभी उसकी लंबाई कितनी है?

**अध्यापक के लिए**–बच्चों को उनके जन्म प्रणाम-पत्र व स्वास्थ्य कार्ड पढ़ने के लिए प्रेरित करें।



© NCERT not to be republished

- बच्चा दिन में कितनी देर सोता है?

- वह क्या-क्या आवाज़ें निकालता है?

- वह किसके पास ज़्यादा रहता है?

- अपनी कॉपी में बच्चे का एक फ़ोटो चिपकाओ या चित्र बनाओ।

## बदली हो गई!

सेरिंग के बाबा को उनके ऑफ़िस से चिट्ठी मिली है। उसमें लिखा है कि उनको ऊँचा पद मिला है और अब उन्हें दूसरे शहर जाना है।



सोचो, जब सेरिंग के बाबा ने अपने घरवालों को चिट्ठी दिखाई, तो घर के अलग-अलग लोगों को कैसा लगा होगा?





© NCERT not to be republished






- बाबा की बदली होने के कारण सेरिंग के परिवार में क्या बदलेगा? जैसे-
  - सेरिंग के परिवार में से कौन-कौन उसके पापा के नए घर में रहेंगे?
  - सेरिंग अब किस स्कूल में जाएगा?
  - क्या सेरिंग के दोस्त बदलेंगे?
  - क्या तुम्हारे परिवार में भी किसी को काम के कारण नई जगह जाना पड़ा था?
  - तुम्हें यह बदलाव कैसा लगा? चर्चा करो।
- क्या तुम्हारी कक्षा या स्कूल में भी दूसरी जगह से बच्चे आए हैं? यदि हाँ, तो उनसे बातचीत करो।
  - वे कहाँ से आए हैं?
  - पहली जगह का स्कूल कैसा था?
  - उन्हें यहाँ क्या-क्या नया लगा?
  - क्या उन्हें यह बदलाव अच्छा लगा?



© NCERT not to be republished

# शादी है!

आज नाज़ली के यहाँ सब बहुत खुश हैं। उसके बड़े चचेरे भाई की शादी है।



## बताओ

क्या इस शादी के कारण नाज़ली के परिवार में कुछ बदलाव होंगे? क्या-क्या बदलाव होंगे?

- जिस घर से नाज़ली की नई भाभी आई हैं, क्या उस परिवार में भी कुछ बदलाव हुए होंगे? क्या-क्या?
- तुम भी अपनी माँ, चाची या मामी से पता करो कि वे उनकी शादी से पहले कहाँ रहती थीं।



2021-22

not to be republished



- तब उनके परिवार में कौन-कौन थे?
- क्या तुम्हारे परिवार में भी किसी की नई-नई शादी हुई है? किसकी?

- कक्षा के दोस्तों से बात करो और पता लगाओ कि उनके घर में शादी कैसे होती है।
  - क्या कुछ खास खाना पकाया जाता है? क्या-क्या?
  - दूल्हा-दुलहन कैसे कपड़े पहनते हैं?
  - शादी के नाच-गाने किस तरह के होते हैं?

तुम जब किसी शादी में गए थे, उसमें तुमने क्या-क्या देखा।? अपनी कॉपी में चित्र बनाकर बताओ। कक्षा के और बच्चों के चित्र भी देखो।

हमने देखा कि निम्मी, सेरिंग और नाज़ली के परिवारों में अलग-अलग कारणों से बदलाव हुए हैं।

## बदलाव के कारण लिखो

- निम्मी के परिवार में–
- सेरिंग के परिवार में–
- नाज़ली के परिवार में–

© NCERT not to be republished

- क्या परिवारों में बदलाव कुछ और कारणों से भी हो सकते हैं? पता करो, किन-किन कारणों से?

- तीन बड़े लोगों से बात करो—एक तुम्हारे परिवार से, एक तुम्हारे दोस्त के परिवार से और एक अपने पड़ोसी के परिवार से। उनसे नीचे दिए प्रश्न पूछो और तालिका में भरो।

| प्रश्न | तुम्हारा परिवार | दोस्त का परिवार | आस-पड़ोस का परिवार |
|---|---|---|---|
| आपका परिवार कितने सालों से यहाँ रह रहा है? | | | |
| यहाँ आने से पहले आपका परिवार कहाँ रहता था? | | | |
| आज आपके परिवार में कितने लोग हैं? | | | |
| आपके परिवार में दस साल पहले कितने लोग थे? | | | |

**अध्यापक के लिए**—बदलाव ज़िंदगी का हिस्सा है। इन बदलावों का बच्चों पर गहरा असर हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि इस चर्चा को संवेदनशीलता से करें।



© NCERT not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| • आपके परिवार में दस सालों में जो बदलाव हुए हैं, उनके क्या कारण हैं?<br>• इन बदलावों से आपको कैसा लगता है?<br>• तकनीकी बदलावों के कारण आपको किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | | | |

## मेरा परिवार – कल, आज, कल...

सभी के परिवार किसी न किसी कारण से बदलते रहते हैं। देखें, तुम्हारा परिवार भी बदला है कि नहीं?

जब तुम्हारे दादी-दादा या नानी-नाना तुम्हारे जैसे छोटे थे, तब भी क्या तुम्हारा परिवार वैसा ही था, जैसा आज है?

याद है, कक्षा तीन में तुमने सीतम्मा के परिवार के पेड़ का चित्र देखा था।

- तुमने अपने परिवार के पेड़ का चित्र भी बनाया था। चलो, फिर से परिवार का पेड़ बनाएँ।
- अपने दादा-दादी या नानी-नाना से पता करो कि जब वे तुम्हारी उम्र के थे, तब उनके परिवार में कौन-कौन थे? अपनी कॉपी में उनमें से किसी एक के बचपन के परिवार का पेड़ बनाओ।
- क्या इस परिवार के पेड़ में तुम या तुम्हारे भाई-बहन, माँ-पिताजी कहीं दिखाई दे रहे हैं?
- अब तुम अपने आज के परिवार का पेड़ अपनी कॉपी में बनाओ।
- इस पेड़ में अब तुम कहाँ हो? आज तुम्हारे परिवार में कौन-कौन हैं? तुम्हारे दादी-दादा या नानी-नाना कहाँ हैं?



© NCERT not to be republished

## बताओ

तुम्हारे आज के परिवार का पेड़ तुम्हारे दादा, दादी, नाना या नानी के बचपन के पेड़ से किस तरह अलग है?

## स्कूल में वापसी

- तुम कहाँ तक पढ़ाई करना चाहते हो?

- तुम्हारे मम्मी-पापा ने कहाँ तक पढ़ाई की है?

- तुम्हारी दादी या नानी को कहाँ तक पढ़ाई करने का मौका मिला था?

- तुम्हारी दादी और नानी की शादी किस उम्र में हुई थी?

- क्या तुमने किसी ऐसे कानून के बारे में सुना है, जो लड़कियों और लड़कों की कम-से-कम किस उम्र में शादी हो, के बारे में बात करता है।

बहुत-सी ऐसी लड़कियाँ हैं, जिनकी शादी 18 साल की आयु से पहले ही कर दी जाती है। इनमें से बहुत-सी लड़कियों को तो स्कूल भी छोड़ना पड़ता है। रंगारेड्डी जिले की सुशीला के समान ऐसी बहुत-सी लड़कियों की सच्ची कहानियाँ हैं, जिन्होंने फिर-से स्कूल जाना शुरू कर दिया। सुशीला को आगे पढ़ने के लिए पंचायत की तरफ़ से भी मदद मिली। पंचायत का कहना था कि बच्चों के लिए खेलना और पढ़ना बहुत ज़रूरी है। उनकी बचपन में ही शादी नहीं करनी चाहिए। आंध्र प्रदेश में लोगों





© NCERT not to be republished

का एक समूह विशेष कैंप लगाता है। इस कैंप द्वारा कम उम्र की शादीशुदा लड़कियों को फिर से स्कूल भेजने में मदद की जाती है। जंगम्मा और चिट्टी कहती हैं, "हम पढ़ना चाहती हैं और अपने पैरों पर खड़ी होना चाहती हैं।"

## पता करो और लिखो

- क्या तुम्हारे आस-पास कुछ ऐसे बच्चे हैं, जिनका स्कूल छूट गया है। बात करके पता करो कि क्या वे फिर से पढ़ना चाहते हैं?

- वे आजकल क्या कर रहे हैं?

- क्या पिछले दिनों तुम्हारे घर में किसी की शादी हुई है? किसकी?

- पता करो दूल्हा-दुलहन की उम्र क्या थी?

- उन्होंने किस तरह के कपड़े पहने हुए थे?

  दुल्हन

  दुल्हा

- भोजन में क्या-क्या बनाया गया था?

**अध्यापक के लिए**—बच्चों की पढ़ाई बीच में छूटने पर और बाल विवाह कानून जो यह बताता है कि लड़की की शादी की आयु कम-से-कम 18 और लड़के के लिए 21 वर्ष है। इस पर यदि आवश्यक हो तो चर्चा करवाई जा सकती है।

© NCERT not to be republished